1	2	3
	नौगढ़	
	नई टिहरी	
	रसरा	
	सिकन्दरपुर	
पश्चिम बंगाल	फरक्का	कोंतई
	झारग्राम	
	पुरूलिया	
	रानाघाट	
	रायना	
	कोंतई	
पांडिचेरी	कराईकल	

Bhopal's Sattellite Link with Doordarshan

3521. SHRI GHUFRAN AZAM : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether Government envisage linking of Bhopal Doordarshan Kendra with sattellite;

(b) if so, by when it is likely to come into effect;

(c) whether at present the whole population and area of Madhya Pradesh is not covered by the Doordarshan network; and

(d) if so, by when Madhya Pradesh would avail full coverage of Doordarshan ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) and (b) Bhopal Doordarshan Kendra already stands linked via satellite for national network programmes. However, Regional Service Programmes will be linked via satellite during the latter half of 1993-94.

(c) and (d) TV coverage is, at present, estimated to be available to 60.1% population and 52.2% area of Madhya Pradesh. With the commissioning of TV transmitters presently under implementation/envisaged to be set up, subject to availability of resources, about 77% population and 73.3% area of the State are expected to be brought under TV coverage. These coverage figures are inclusive of the population in fringe areas.

It is the constant endeavour of Doordarshan to extend TV Service to the uncovered parts of the country in a phased manner, depending upon availability of resources for the purpose and inter-se priorities.

आल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन के समाचार बुलेटिनों में स्थानों/व्यक्तियों के नामों का गलत उच्चारण

3522. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन के समाचार बुलेटिनों में बहुत से महत्वपूर्ण व्यक्तियों और स्थानों के नामों का उच्चारण सही ढंग से नहीं किया जा रहा है ;

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं ?

(ग) क्या सरकार व्यक्तियों और स्थानों की सही सूचियां तैयार करने का विचार रखती है ताकि भविष्य में ऐसी गलतियां न दोहराई जायें; और

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी को उच्चारण कक्ष नियमित आधार पर मार्गदर्शन तथा आकाशवाणी और दूरदर्शन के समाचार वाचकों के द्वारा प्रयोग करने के लिए व्यक्तियों/स्थानों के नाम के देवनागरी लिपि में सही उच्चारण जारी करता है ।

आकाशवाणी और दूरदर्शन में विज्ञापनों की गुणवत्ता में सुधार

3523. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विज्ञापनों को स्वीकार करते समय उनकी गुणवत्ता के संबंध में कोई मापदंड अपनायेगी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि कुछ विज्ञापनों को बढ़ा-चढ़ाकर और अशिष्ट तरीके से प्रसारित किया जाता है;

(घ) यदि हां, तो ऐसे विज्ञापनों को स्वीकृति प्रदान करने के क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार विज्ञापनों की गुणवत्ता की जांच करने के बाद ही उनको स्वीकृति प्रदान करने को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाएगी;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) और (ख) : जी, हां । आकाशवाणी/दूरदर्शन के लिए विज्ञापनों को विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित संहिता द्वारा विनियमित किया जाता है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह भी प्रावधान है कि देश के कानून के अनुरूप ही विज्ञापनों की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा विज्ञापनों से लोगों की नैतिकता, शिष्टाचार तथा धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) और (च) : जी, हां । आकाशवाणी/दूरदर्शन द्वारा विज्ञापनों की स्वीकृति विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित संहिता द्वारा विनियमित की जाती रहेगी ।

(छ) प्रश्न नहीं उठता ।

भारत में रह रहे बंगलादेशी राष्ट्रिकों पर फिल्म/धारावाहिक

3524. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :**

श्री रजनी रंजन साहू :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दूरदर्शन ने भारत में आकर बसे बंगलादेशियों पर कोई फिल्म बनाने का निर्णय किया है;